राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल

1314. **श्री डी० पी० यादव:**
श्री अनन्त सेठी:

क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों की कुल संख्या कितनी है और यह कहां-कहां पर स्थित हैं;

(ख) वर्ष 1997-98 के दौरान बनाए गए कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) इन अस्पतालों की क्षमता कितनी-कितनी है;

(घ) क्या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत वर्तमान अस्पतालों का दर्जा बढ़ाए जाने और नये अस्पतालों की स्थापना की मांग में भी वृद्धि हो रही है; और

(ङ) यदि हां, तो नौवीं योजना में इस संबंध में कौन-कौन से कदम उठाए जाने का विचार है?

श्रम मंत्री (डॉ० सत्यनारायण जटिया): (क) राज्य-वार, क० रा० बी० अस्पतालों की संख्या का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है **(नीचे देखिए)**। ये अस्पताल मुख्य रूप से देश के औद्योगिक केन्द्रों में स्थापित हैं।

(ख) हरियाणा तथा राजस्थान दोनों राज्यों में एक-एक अस्पताल, कुल 2 अस्पतालों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

(ग) सभी क० रा० बी० अस्पतालों/एनेक्सियों में कुल 19,952 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है।

(घ) जी, हां।

(ङ) सामान्यतः क० रा० बी० अस्पतालों का निर्माण क० रा० बी० योजना के अधीन व्याप्त प्रत्येक एक हजार बीमाकृत व्यक्तियों के लिए 4 बिस्तरों के मानक के अनुसार किया जाता है। इसलिए नए कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों के निर्माण को पंचवर्षीय योजनाओं से नहीं जोड़ा गया है। 1182 बिस्तरों सहित 12 अस्पतालों का निर्माण कार्य विभिन्न स्तरों पर पहले ही चल रहा है। वर्तमान अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं के सुधार/उन्नयन का कार्य एक सतत प्रक्रिया है। अभी कुछ समय पूर्व ही क० रा० बी० चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है तथा इसे निगम की सहमति से कार्यान्वयन हेतु सभी राज्य सरकारों के पास भेज दिया गया है। कार्य योजना में आधुनिक उपस्कर पद्धति, क्षेत्रीय ट्रोमा केन्द्रों की स्थापना, अति विशेषज्ञता सेवाओं की स्थापना, रक्त बैंक, निवारक एन्कालोजी, कैंसर उपचार केन्द्र, स्वदेशी चिकित्सा पद्धति का विकास आदि शामिल हैं। इस संबंध में क० रा० बी० निगम द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों को 13.45 करोड़ रुपये की राशि पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है।

विवरण

अनुबंध

क्र० सं०	राज्य का नाम	अस्पतालों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	9
2.	असम	1
3.	बिहार	6
4.	चंडीगढ़	—
5.	दिल्ली	3
6.	गोवा	1
7.	गुजरात	10
8.	हरियाणा	5
9.	हिमाचल प्रदेश	1
10.	कर्नाटक	7
11.	केरल	13
12.	मध्य प्रदेश	6
13.	महाराष्ट्र	13
14.	मेघालय	—
15.	उड़ीसा	5
16.	पांडिचेरी	1
17.	पंजाब	7
18.	राजस्थान	4
19.	तमिलनाडु	8
20.	उत्तर प्रदेश	16
21.	पश्चिम बंगाल	13
22.	जम्मू और कश्मीर	—

National Commission on Agricultural Labour

1315. SHRI K. KALAVENKATA RAO:
SHRI LAJPAT RAI:

Will the Minister of LABOUR be pleased to state;

(a) whether Government have received